नव भारत बिलासपुर 17 फरवरी 1994

मेट्रिक्स इंटरप्राइजेस को सर्वोत्तम उद्यमिता पुरस्कार

बिलासपुर मध्यप्रदेश के औद्योगिक प्रक्षेत्र सिरगिट्टी की लघु उद्योग इकाई में मेट्रिक्स इंटरप्राइजेस को वर्ष का सर्वोत्तम उद्यमिता पुरस्कार प्रदान किया गया है। पिछड़े औद्योगिक क्षेत्र में उत्कृष्ठ उत्पादन बनाने वाले उद्योगों को प्रोत्साहित करने की दिशा में यह एक सराहनीय प्रयास है।

मेट्रिक्स इंटरप्राइजेस सन 1983 से इलेक्ट्रिकल पेनल व घरेलू उपकरणों इत्यादि के उत्पादन में कार्यरत है, इसके उत्पादन हमेशा ही उच्च गुणवत्ता के लिए उपभोक्ताओं के लिए विश्वसनीय रहे हैं व नो कम्पलेंट प्रोडक्ट्स के नाम से जाने जाते रहे हैं, उद्योगो के उपयोग के लिए मोटर कंट्रोल सेंटर, पावर डिस्ट्रीब्यूशन बोर्ड, पावर कंट्रोल सेंटर, आटोमेटिक पावर फेक्टर करेक्सन पेनल, मिमिक पेनल, कंट्रोल डेस्क, स्टार डेल्टा स्टार्टर, सिंगल फेसिंग प्रिवेंटरए, टाइमर कंट्रोल पेनल, बस डक्ट, इत्यादि का निर्माण उच्च गुणवत्ता मानको में किया जाता है, इनमें कार्य करने वाले व्यक्तियों व कंट्रोल किये जा रहे उपकरणों की सुरक्षा का पुरा घ्यान रखा जाता है, मेट्रिक्स कंट्रोल पेनल प्रोडक्शन व प्रोटेक्शन दोनो ही कसौटियों पर खरे उतरें है इनके बनाये हुए कंट्रोल पेनल रेमंड सीमेंट वर्क्स बिलासपुर, प्रकाश इडस्ट्रीज लिमि. चांपा, जिंदल स्ट्रिप्स लिमि. रायगढ़, बुलवर्थ इंडिया लिमि. रायपुर, नोवा आयरन एंड स्टील लिमि. दगोरी, ग्रेसिम सीमेंट भाटापारा, लायड मेट्ल एण्ड इंजीनियर्स लि. नागपुर, ब्लू स्टार लिमि. नागपुर, के संयंत्रो में आबाध गति से चल रहें है,मेट्रिक्स इंटरप्राइजेस से कंट्रोल पेनल के साथ ही पेनल एसेसरीज की आपूर्ति भी की जाती है जो अभी तक महानगरों से ही संभव थी।